C 24731 (Pages : 3) Name..................................

Reg. No..............................

SECOND SEMESTER B.Sc. (L.R.P)/B.M.M.C. DEGREE EXAMINATION MAY 2017

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 09 (03)—POETRY AND SHORT STORIES

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 कबीर के गुरू कौन थी ?

(रामतीर्थ, रामानंद, रामानुज, वल्लभाचार्य)

2 'प्रियतम' का कवि कौन है ?

(सुभद्राकुमारी चौहान, दिनकर, निराला, नरेश मेहता)

3 इनमें 'हालावाद' का प्रवर्तक कौन है ?

(पंत, धर्मवीर भारती, बच्चन, कीर्ति चौधरी)

4 'वक्त' कविता का कवि कौन है ?

(अरूण कमल, अशोक वाजपेयी, भारत भूषण अग्रवाल, उदय प्रकाश)

5 चौधरी पीरबख्श किस कहानी का पात्र है ?

(वापसी, पर्दा, कफन, पाजेब)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'चीफ़ की दावत' का कहानीकार कौन है ?

7 गजाधर बाबू किस कहानी का पात्र है ?

Turn over

8 सूरदास के गुरू कौन थे ?

9 'टूटा पहिया' का कवि कौन है ?

10 पंत को किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

11 कबीर के विचार में निंदकों को पास रखने से क्या लाभ है ?

12 मर्त्यलोक में वह कौन है पुण्यश्लोक-

भक्त तुम्हारा प्रधान"

—यह प्रश्न कौन किससे कर रहा है ? यह प्रसंग किस कविता का है ?

13 ग्रामवधू का रोना सुनकर यात्रियों को क्या शंका होती है ?

14 सूरदास के विचार में कृष्ण की कृपा से क्या-क्या हो सकते हैं ?

15 बच्चन के अनुसार आकाश किस घटना पर शोक नहीं मनाता ?

16 "मैं रथ का टूटा पहिया हूँ

लेकिन मुझे फेंको मत"

—क्यों ऐसा कहा गया है ?

17 'वसीयत' का कवि अपनी आखें किसको देना चाहता है और क्यों ?

18 'वक्त' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

19 घीसू और माधव प्रसव पीडा से कराहनेवाली बुधिया को देखने क्यों नहीं जाते ?

20 बसंती अपने पिता से क्यों रूठती है ?

21 मुहल्ले में चौधरी पीरबख्श की इज्ज़त का आधार क्या था ?

22 रामनाथ बूढी माँ को फुलकारी बनाने के लिए क्यों मजबूर करता है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23 सूरदास ने गोपिकाओं की विरह व्यथा का कैसा चित्रण प्रस्तुत किया है ?

24 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

तेरा साई तुझमें ज्यों पुहुपन में वास ।
कस्तूरी का मिरग ज्यों, फिरि-फिरि ढूंढै घास ।।

25 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सूखी कितनी इसकी कलियाँ
मुर्झाई कितनी बल्लरियाँ
जो मुर्झाई फिर कहाँ खिलीं
पर बोलो सूखे फूलों पर
कब मधुबन शोर मचाता है ।

26 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जब गुंड बेला के फूलों की माला पहन
जै-जैकार करा रहे हैं
जब जहर-माहुर फल फूल रहे हैं
और फूलों की क्यारियों में जल नहीं ।

27 'टूटा' पहिया कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

28 'वापसी' कहानी के गजाधर बाबू का परिचय दीजिए ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'प्रियतम' कविता का सारांश लिखकर उसमें अभिव्यक्त प्रगतिशील विचारों पर प्रकाश डालिए ।

30 'कफन' कहानी संक्षेप में लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

31 'जो बीत गयी सो बात गयी' कविता का भाव समझाइए ।

(2 × 15 = 30 marks)